प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 17.06.2024

थाना मधुबन बापुधाम पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद ।

दिनांक 14.06.24 को वादी श्री यशपाल सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी F-144 सैक्टर 23 संजय नगर थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के घर से LED, सामने मन्दिर में रखे 15000 हजार रुपये व सोने चाँदी के आभूषण चोरी करने के सम्बन्ध में तत्काल थाना मधुबन बापूधाम पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया। आज दिनांक 17.06.2024 को लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना पर फोर्च्यून होटल संजय नगर के पास से चोरी करने वाले अभियुक्त सुभाष पुत्र वीरबहादुर को चोरी माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त सुभाष नें पूछताछ पर बताया कि साहब मै अपने परिवार के साथ किराये पर F-144 सैक्टर 23, संजय नगर मे ग्राउंड फ्लोर पर रह रहा था । मुझे पता चला था कि मेरे कमरे के उपर दूसरी मंजिल पर रहने वाले य़शपाल के पापा की तबियत खराब चल रही है उनका किसी अस्पताल मे इलाज चल रहा था वह पूरापूरा दिन अपने घर नही आते थे उस दिन भी उनके घर कोई नही था। मै मौका पाकर उनके घर मे घुस गया था मैने उनके घर से चोरी कर ली अब मै अपने परिवार के साथ किराये का मकान सैक्टर 10 मकान नं0 एफ 46 राजगनगर थाना कविनगर जनपद गाजियावाद मे रह रहा हूं। पकडे गये व्यक्ति से चोरी किये अन्य सामान व रुपये के बारे मे पूछा तो बताया कि चोरी किये रुपये तो मैने खर्च कर दिये है। तथा एक चैन मैने राह चलते व्यक्ति को बेच दी जिसका मै नाम पता नही जानता। मुझे पता चल गया था कि उक्त चोरी मे मेरा नाम आ रहा है। इसी के चलते मै छुपता छुपाता इधर उधर घूम रहा था तथा आज इस सामान को बेचने के लिये जा रहा था।

नाम पता अभियुक्त

सुभाष पुत्र वीरबहादुर उर्फ हीराबहादुर निवासी किराये का मकान सै0 10 म0नं0 एफ46 राजनगर थाना कविनगर गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम बुडोल तमगज थाना तमगज जिला गुलमी नेपाल उम्र 26 वर्ष

बरामदगी का विवरण

01 LED SAMSUNG, 01 अंगूठी पीली धातू, एक जोडी पाजेब सफेद धातू, दो जोडी पायल सफेद धातू, एक ब्रेसलेट सफेद धातू, एक जोडी बिछुए सफेद धातू, 01 अंगूठी बिना नग सफेद धातू

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम।

थाना मधुबन बापुधाम पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

घटना एवं कार्यवाही का विवरण- दिनांक 16.06.24 को थाना मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेंकिग दौरान पोस्टल तिराहा सै0 23 संजयनगर से अभियुक्त 1. दीपक उर्फ जोजो पुत्र प्रेमपाल 2. गुन्नू उर्फ लक्की पुत्र मनोज को 02 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगण –

1-दीपक उर्फ जोजो पुत्र प्रेमपाल निवासी मौहल्ला सुभाषनगर जनपद बरेली हाल पता माया के मकान में किरायेदार गुलधर फाटक के पास थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष

2-गुन्नू उर्फ लक्की पुत्र मनोज निवासी बाल्मीकी निवासी मोहल्ला मस्जिद के पास ग्राम रईसपुर हाल निवासी गौरव के मकान में किरायेदार ग्राम रईसपुर थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष

आपराधिक इतिहास अभियुक्त -

1. अभियुक्त दीपक उर्फ जोजो उपरोक्त के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में चोरी के 03, मारपीट का 01, गैंगस्टर एक्ट का 01, एनडीपीएस एक्ट के 05, कुल 10 अभियोग पंजीकृत है।
2. अभियुक्त गुन्नू उर्फ लक्की उपरोक्त के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में चोरी का 01, एनडीपीएस एक्ट का 01 कुल 02 अभियोग पंजीकृत है।

बरामदगी का विवरण-

02 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम